<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 24.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 17वें दिन की कार्रवाई जारी, प्रश्नकाल के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा।
- राजधानी रांची में नया सचिवालय भवन और बुनियादी ढांचे के विकास की योजना तैयार, नगर विकास विभाग ने मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स और मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का दिया प्रस्ताव।।
- नीति आयोग की टीम सरायकेला में कल से दो दिवसीय दौरे पर, गम्हरिया प्रखंड में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति का करेगी मूल्यांकन।।
- आज विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर राज्यभर में हो रहे कई कार्यक्रम, धनबाद में जागरूकता रैली आयोजित, टीबी उन्मूलन पर दिया गया जोर।
- आईपीएल क्रिकेट में आज शाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन आज कार्रवाई जारी है। पहली पाली में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अल्पवेतन भोगी कर्मचारियों का मुद्दा उठाया।

इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यदि संभव होगा, तो इस विषय पर गौर किया जाएगा।

********************

गिरिडीह जिले में पुलिस की पिटाई और उसके बाद रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान युवक की मौत पर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है। विधानसभा सत्र के दौरान सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि जिस तरह से युवा की मौत हुई है इस मामले में पुलिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। एक सवाल के जवाब में विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मी को जिस तरह से सस्पेंड किया जाता है और उसके बाद फिर से उसकी पोस्टिंग की जाती है। उससे ऐसा लगता है कि सरकार दोषी पुलिस कर्मियों को अवार्ड दे रही है।

********************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक कल शाम 4 बजे झारखंड मंत्रालय में आयोजित होगी, जिसमें कई अहम फैसले लिए जाने की संभावना है। सरकार आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े विषयों पर चर्चा कर सकती है। साथ ही विधानसभा में उठाए गए मुद्दों और कल्याणकारी योजनाओं पर विचार किया जाएगा।

********************

झारखंड नगर विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में रांची में नया सचिवालय भवन और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास निर्माण की योजना है। इसके तहत कोर कैपिटल एरिया में सड़क, बिजली, सीवरेज और जलापूर्ति सहित बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। साथ ही शहर के रातू रोड, बकरी बाजार और सैनिक मार्केट में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स और मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से रांची के शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।

********************

पश्चिम सिंहभूम जिले में संथाल समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ बाहा दिशुम परब मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोगों ने सामूहिक नृत्य कर प्रकृति पूजन की परंपरा निभाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयराम टुडू ने कहा कि यह पर्व हमारी परंपरा और प्रकृति से जुड़ने का अवसर है।

********************

नीति आयोग की केंद्रीय टीम 25 और 26 मार्च को सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड का दौरा करेगी। टीम विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति का मूल्यांकन करेगी। इसको लेकर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी योजनाओं की तैयारी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है।

इधर राज्य भर में विश्व तपेदिक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। धनबाद में जिला यक्ष्मा विभाग ने आज जागरूकता रैली निकाली। सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें लोगों को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य है, जिसके तहत मरीजों को मुफ्त इलाज और 6000 रुपये की पोषण सहायता दी जा रही है।

********************

दुमका जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने ग्रामीणों से बच्चा चोर गिरोह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

गौरतलब है कि काठीकुंड में हाल ही में बच्चा चोर समझकर बंधक बनाए गए लोगों को पुलिस ने सकुशल मुक्त कराया था। प्रशासन लगातार बैठक कर लोगों को जागरूक कर रहा है।

********************

पाकुड जिले के स्कूली बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है।

********************

सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए टर्नओवर और निवेश कसौटी में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं। ये संशोधन पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे।

********************

- खेलो इंडिया पैरा–गेम्स में कल पंजाब की जसप्रीत कौर ने पावरलिफ्टिंग में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। उन्होंने अपना ही 45 किलोग्राम श्रेणी का रिकार्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। मनीष ने भी 54 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- आईपीएल टी–ट्वेन्टी क्रिकेट में, आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। विशाखापत्तनम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

********************